पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 14 राज्य विश्वविद्यालयों को मिला लगभग 740 करोड़ रूपये का अनुदान

————

देश के 26 विश्वविद्यालयों में से उत्तर प्रदेश के 06 विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को मिला 100 करोड़ रूपये का अनुदान

———

नैक का उच्चतम ग्रेड प्राप्त 06 राज्य विश्वविद्यालयों को मिला 100 करोड़ रूपये का अनुदान

———

लखनऊ : 19 फरवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से राज्य विश्वविद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु किये गये प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित किये गये राज्य विश्वविद्यालयों के प्रस्तावों में से पूरे देश में से उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों को लगभग 740 करोड़ रूपये का अनुदान विभिन्न मदों में जारी किया गया है। अनुदान के लिए स्वीकृत धनराशि का उपभोग विश्वविद्यालयों में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा जर्जर हो चुके पुराने भवनों के रिनोवेशन में किया जायेगा। इससे राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ-साथ अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिसका लाभ विश्वविद्यालय तथा उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों को भी होगा।

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के नैक में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने वाले 06 विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 100 करोड़ रूपये की धनराशि का अनुदान प्रदान किया गया है, जो कि एक रिकॉर्ड है। जबकि 04

विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 20 करोड़ रूपये, 02 विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 19 करोड़ 99 लाख 99 हजार रूपये तथा 01–01 विश्वविद्यालय को क्रमशः 13 करोड़ 38 लाख 90 हजार, 06 करोड़ 53 लाख 11 हजार 262 रूपये की धनराशि प्रदान की गयी है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालयों को बधाई देते हुए कहा कि अनुदान से प्राप्त धनराशि का उपयोग डिजिटल शिक्षा के तरीकों के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में किया जाए, जिससे राज्य के सामाजिक रूप से वंचित समुदायों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर सुनिश्चित हो सके तथा उच्च शिक्षा में महिलाओं, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जन जाति समुदाय तथा पिछड़ा वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से राज्य विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा नई शिक्षा नीति के अनुरूप विश्वविद्यालयों में शोध एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त राज्यपाल जी के नेतृत्व में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को गुणवत्ता सुधार करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त करने हेतु निरंतर दिशा–निर्देश प्रदान किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि देश के 26 विश्वविद्यालयों में से उत्तर प्रदेश के 06 विश्वविद्यालयों क्रमशः डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को प्रत्येक को 100 करोड़ रूपये की धनराशि विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान की गयी है। जबकि पूरे भारत देश के 52 विश्वविद्यालयों में से उत्तर प्रदेश के 08 राज्य विश्वविद्यालयों को सुदृढ़ीकरण के लिए धनराशि प्रदान की गयी। जिसमें

से 04 विश्वविद्यालयों क्रमशः छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा तथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को प्रत्येक को 20 करोड़ रूपये की धनराशि प्रदान की गयी है। इसी प्रकार दो विश्वविद्यालयों क्रमशः प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज तथा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर को प्रत्येक को 19 करोड़ 99 लाख 99 हजार की धनराशि प्रदान की गयी है। जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को 13 करोड़ 38 लाख 90 हजार तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को 06 करोड़ 53 लाख 11 हजार 262 रूपये की धनराशि प्रदान की गयी है।

———

राम मनोहर त्रिपाठी—सहायक निदेशक सूचना
डा0 सीमा गुप्ता—सहायक निदेशक सूचना/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9453005360